श्री अरविन्द महाविद्यालय (सांध्य)
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
दूरभाष: 011-41751306
ई-मेल: principal@aurobindoe.du.ac.in
वेबसाइट: www.aurobindoe.du.ac.in

SRI AUROBINDO COLLEGE (EVENING)
(UNIVERSITY OF DELHI)
MALVIYA NAGAR, NEW DELHI-110017
Phone: 011-41751306
Email: principal@aurobindoe.du.ac.in
Website: www.aurobindoe.du.ac.in

दिनांक/Date: 06.10.2026

मेरे सभी प्रिय दोस्तों और साथियों / My dear friends & colleagues:

जैसा कि आप सब बखूबी जानते हैं कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने आप ही के मध्य के एक शिक्षक को श्री अरविन्द महाविद्यालय (सांध्य)का नेतृत्व करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है और ये हम सबके लिए और महाविद्यालय के लिए गर्वानुभूति व सौभाग्य का संकेत है। इस शुभावसर पर, मैं आप सबसे बस दो बातें कहना चाहूंगा। पहली कि किसी भी महाविद्यालय के तीन प्रमुख आधार स्तंभ होते हैं---विद्यार्थी, शिक्षक और सहयोगी कर्मचारी-गण/गैर-शैक्षणिक कर्मचारी। हम सब यहां विद्यार्थियों हेतु नियुक्त हैं--विद्यार्थी हित सर्वप्रथम और सर्वोपरि है। दूसरी कि, हम जो भी जिस रूप में, यहां पर नियुक्त हैं उन सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही निर्धारित हैं। आप सब बहुत समझदार-जानकार- ज्ञानी और समर्पित हैं। हम कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे हमारे महाविद्यालय की छवि अथवा दिल्ली विश्वविद्यालय का नाम खराब हो। अपने महाविद्यालय व विश्वविद्यालय की उन्नति-तरक्की-प्रगति हेतु हमें अपना-अपना निर्धारित कार्य करते हुए सार्थक योगदान देना है। मैं आपका अपना साथी-सहयोगी हूं,लेकिन एक प्रशासक के रूप में मुझे जो दायित्व विश्वविद्यालय ने सौंपा है ,वो मेरे ऊपर विश्वविद्यालय का एक विश्वास है पर मैंने उसे एक चुनौती के रूप लेते हुए आप सबके पूर्ण-सहयोग की आकांक्षा से कार्य करना शुरू किया है और इसी आशा-उम्मीद संग मैं यहां आपके हेतु सदैव उपलब्ध-उपस्थित हूं।

As you are well aware, Delhi University has entrusted a teacher from among your own ranks with the responsibility of leading Sri Aurobindo College (Evening). This is a matter of pride and good fortune for all of us and for the college. On this auspicious occasion, I would like to share just two thoughts with you. First, every college rests on three key pillars: Students, Teachers & Non-Teaching staff. We are all here for the Students their welfare is paramount. Second, regardless of our specific roles or designations, we each have defined responsibilities & accountabilities. You are all wise, knowledgeable & dedicated individuals. We must ensure that we do not engage in any conduct that could tarnish the image of our college or the reputation of Delhi University. We must make meaningful contributions toward the progress & advancement of our college & university by diligently performing our assigned duties. I am your colleague & associate; however, the responsibility the university has entrusted to me as an Administrator represents their faith in me. I have accepted this as a challenge & have begun my work hoping for your full cooperation. With this hope and expectation, I remain always available and present for you.

हार्दिक शुभकामनाएं/ Best wishes

प्रो. गिरीश चंद्र जोशी / Prof Girish Chandra Joshi
प्राचार्य / Principal